# विचार संस्था

## मासिक पत्रिका (फरवरी 2019)



विशेष :-

⇨सागर सुधार, सागर विकास अंतर्गत मोहल्ला विकास योजना

⇨बच्चों ने देखा आर्मी म्यूजियम

⇨महिलाओं ने पाई माहवारी पर जानकारी व रोजगार का साधन

## विचार गणतंत्र महोत्सव

एकल नृत्य प्रतियोगिता में विजेता

पारूल सोनी

|| विचार संस्था ||

# पदाधिकारी



संस्थापक व अध्यक्ष: कपिल मलैया [9009780020]
[Facebook page : Kapil Malaiya Original]



कार्यकारी अध्यक्ष: श्रीमती सुनीता जैन



उपाध्यक्ष: अनुराग जैन



कोषाध्यक्ष: विनय मलैया



युवा इकाई अध्यक्ष: कु. आकांक्षा मलैया

# मोहल्ला विकास कार्यकर्ताओं की मीटिंग व पिकनिक









**मोहल्ला विकास परियोजना में कार्यरत सभी 25 टीमों ने सागर स्थित मंगलगिरी पर संस्था द्वारा आयोजित दाल वाटी कार्यक्रम में शिरकत की। तदोपरांत विचार संस्था के संस्थापक श्री कपिल मलैया जी ने सभी टीमों को ध्यान, योग कराया एवं उसका महत्त्व समझाया। कार्यक्रम के दौरान सभी समन्वयकों ने अपने अनुभव व्यक्त किये एवं 27 तारिख को होने वाले प्रोग्राम पर चर्चा की गयी। गौरतलब बात यह है कि 25 टीमों के अलावा 12 नयी टीमों का गठन भी हुआ।**

# गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां













भारत के 70वे गड़तंत्र दिवस के उपलक्ष में होने वाले कार्यक्रम के लिए युवा मोर्चा से आकांक्षा मलैया, वैशाली, नैंसी, पार्वती, आस्था, रुचिता एवं रुबीना ने सुश्री गीता राजपूत जी के सानिध्य में तैयारियां आरंभ की। मोहल्ला विकास परियोजना से जुड़े विभिन्न मुहल्लों के बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता के लिए निति जैन जी द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

# विचार गणतंत्र महोत्सव के ऑडिशन








207 बच्चों ने विचार महोत्सव डांस कॉम्पिटीशन के ऑडिशन में देश भक्ति एवं भारतीय संस्कृति को दर्शाती हुई विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां दीं। विचार संस्था द्वारा भारत के 70 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर आयोजित इस कार्यक्रम में ऐसे 31 मोहल्लों से बच्चों ने भी भाग लिया जहां संस्था द्वारा सागर सुधार, सागर विकास परियोजना चलाई जा रही है। 27 जनवरी को होने वाले इस महोत्सव के लिए 11 एकल प्रस्तुति, 13 युगल नृत्य एवं 11 सामूहिक नृत्य का चयन किया गया। ऑडिशन के निर्णायक आदेश जैन, सुनील तिवारी, अजय ठाकुर, शिवम चौबे अथवा मंच संचालन विवेक सिंघई, आकांक्षा मलैया द्वारा किया गया।

# सागर में अनूठा विचार गणतंत्र महोत्सव

दैनिक भास्कर
सागर, सोमवार 28 जनवरी, 2019 | 05

## सागर में अनूठा विचार गणतंत्र महोत्सव : छोटे-छोटे परिवारों के बच्चों ने दिखाया कला का जौहर




### विचार संस्था ने छुपी प्रतिभाओं को दिया मंच, विजेता को किया पुरस्कृत

भास्कर संवाददाता | सागर

गणतंत्र दिवस आम शहरवासियों के साथ महोत्सव के रूप में मनाने की शुरूआत रविवार को विचार संस्था ने की। सागर विधायक शैलेन्द्र जैन के मुख्य आतिथ्य, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता और पूर्व विधायक सुधा जैन की उपस्थिति में कटरा नमक मंडी में महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में देशभक्ति आधारित एकल, युगल, व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस व झांकी प्रतियोगिता आयोजित हुई। चार घंटे चले कार्यक्रम में विभिन्न मोहल्लों के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विशिष्ट अतिथि कलागुरू विष्णु पाठक, संस्था अध्यक्ष कपिल मलैया ने संबोधित किया। कार्यक्रम में घरोंदा आश्रम के बच्चे भी उपस्थित रहे। सन फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति दीं।

• **यह रहे विजेता** : समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम झंकार एंड ग्रुप, द्वितीय सुमित पटेल एंड ग्रुप, तृतीय पलक चौबे एंड ग्रुप। एकल नृत्य में प्रथम पारूल सोनी, द्वितीय राधिका दामिनी साहू, तृतीय जया साहू। युगल नृत्य में प्रथम दृष्टि श्रीवास्तव व खुशबू लोधी, द्वितीय अनुष्का साहू व मोना विश्वकर्मा, तृतीय कविता अहिरवार व चांदनी भदौरिया रहीं। झांकी प्रतियोगिता में प्रथम आलोक जैन ग्रुप, द्वितीय सरिता गुरू ग्रुप, संतोष मिथौरिया ग्रुप, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम अनिरुद्ध सोनी, द्वितीय रोहित मिथौरिया व तृतीय ऋषिता जैन रहीं।

**गणतंत्र दिवस को शहरवासियों के साथ महोत्सव के रूप में मनाने की शुरूआत विचार संस्था ने की। सागर विधायक शैलेन्द्र जैन के मुख्य आतिथ्य, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता व पूर्व विधायक सुधा जैन की उपस्थिति में कटरा नमक मंडी में विचार संस्था द्वारा विशाल व भव्य गणतंत्र महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव को रोचक बनाने के लिए प्रतियोगिता का रूप दिया गया। प्रतियोगिता में देशभक्ति आधारित एकल, युगल, व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस व झांकी प्रतियोगिता थी। चार घंटे चले कार्यक्रम में विभिन्न मोहल्लों के बच्चों ने अभूतपूर्व उत्साह व मेहनत के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां दीं जिन्हें हजारों दर्शकों ने मंत्रमुग्ध होकर देखा। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों में ऐसा प्रतीत हुआ जैसे मां सरस्वती ने दिल खोलकर प्रतिभागियों को आशीर्वाद दिया हो।**

**संस्था अध्यक्ष कपिल मलैया के आव्हान था कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि यह राष्ट्रीय पर्व सरकारी औपचारिकताओं से बाहर निकलकर आम जनता का पर्व हो। ऐसा लग रहा है जैसे शहर के हर वर्ग की छुपी प्रतिभाएँ एक मंच पर उतर आईं हों। यह आयोजन विचार मोहल्ला विकास योजना का अंग है जिसमें सभी समन्वयक का विशेष महत्व है।**

# विचार गणतंत्र महोत्सव विजेता

## एकल नृत्य प्रतियोगिता





**प्रथम: पारुल सोनी**

**द्वितीय: राधिका दामनी साहू**

**तृतीय: जाया साहू**

## युगल नृत्य प्रतियोगिता





**प्रथम: दृष्टि & खुशबू**

**द्वितीय: अनुष्का & मोना**

**तृतीय: कविता & चांदनी**

## समूह नृत्य प्रतियोगिता





**प्रथम: झंकार ग्रुप [काव्य जैन, निया जैन, ऋषिका जैन, निताली जैन, पलक जैन, अपूर्वा जैन, आदित्य जैन, समिक्षा जैन, कृतिका जैन, अनिका गोडरे, कनिका गोडरे]**

**द्वितीय: सुमित & ग्रुप [सुमित पटेल, जितेन्द्र चढ़ार, समर, आलोक, प्रशांत यादव, दुर्गेश, मुजाहिद]**

**तृतीय पालक & ग्रुप [पलक चौबे, पूजा खरे, ज्योति सेन, भूमि यादव, श्रेया जैन]**

# विचार गणतंत्र महोत्सव में  बनाई गई झांकियां




## संजय नगर शिवाजी वार्ड के बच्चों ने विचार प्रकल्प पर बनाई झांकी

संजय नगर शिवाजी वार्ड के बच्चों ने कपिल मलैया, हथकरघा प्रशिक्षक, डॉक्टर, कम्प्यूटर प्रशिक्षक, महिला जागरूकता अभियान प्रभारी, नशामुक्ति, शराबबंदी प्रभारी रोजगार पंजीयन प्रभारी, जलशोषक गड्ढा निर्माण, वाचनालय में अध्ययन, प्राकृतिक खेती कृषक एवं गौसेवक, नर्स, मोहल्ला विकास परियोजना प्रभारी का प्रतिरूप बनकर विचार प्रकल्प की झांकी बनाई। जिसमें आदित्य जैन, ऋषिका जैन, यशिका दुबे, अथर्व तिवारी, मुस्कान देवसिया, आदित्य जैन (अक्की), खुशी सेन, वंदना सेन, श्रेयांसी जैन, स्तुति जैन, आदि जैन, प्रतिष्ठा जैन, प्रिंसी ठाकुर शामिल रहे, जिसके समन्वयक आलोक जैन जी हैं।




## काकागंज मोहल्ले के बच्चों ने लाखा बंजारा की झील की सफाई पर झांकी बनाई

भारत माता, सफाई वाली, नेता, पत्रकार, लाखा बंजारा का प्रतिरूप बनकर लाखा बंजारा झील की झांकी बनाई जिसमें संतोषी रैकवार, ज्योति अहिरवार, बबीता रैकवार, रूबी अहिरवार, अभिषेक विश्वकर्मा, राहुल दुबे, नीलेश चौरसिया, अनुज कुमार, शामिल रहे। जिसके समन्वयक अनुराग विश्वकर्मा जी हैं।

# विचार गणतंत्र महोत्सव में बनाई गई झांकियां



## बिट्ठल नगर के बच्चों ने भारत की एकता पर झांकी बनाई

बिट्ठल नगर के बच्चों ने मुस्लिम, भारत माता, हिंदु, सिक्ख, ईसाई का प्रतिरूप बनकर भारत की एकता की झांकी बनाई जिसमें राजदीप यादव, आराध्या यादव, माही गुप्ता, तेजस्व गुप्ता, कुनाल वर्मा शामिल रहे। समन्वयक देवेन्द्र वर्मा हैं।

## ग्राम पगारा के बच्चों ने बनाई रक्तदान पर झांकी

ग्राम पगारा के बच्चों ने नर्स, डॉक्टर, ब्लड डोनर, मरीज का प्रतिरूप बनकर झांकी बनाई। जिसमें राजेंद्र यादव, दीपेन्द्र कटारे, काशीराम पटैल, चुन्नीलाल पटैल, सीताराम कटारे, सोनू यादव शामिल रहे। जिसके समन्वयक सोनू यादव जी हैं।



# विचार गणतंत्र महोत्सव में बनाई गई झांकियां



## सदर मोहल्ले के बच्चों ने शहीद दिवस की झांकी बनाई

सदर मोहल्ले के बच्चों ने भगत सिंह, जेलर, सुखदेव, राजगुरू, जल्लाद, डॉक्टर के प्रतिरूप बनकर शहीद दिवस की झांकी बनाई जिसमें मोंटी जाटव, कुनाल जाटव, मुकुल जाटव, साहिल जाटव, विपिन जाटव, कुनाल जाटव शामिल रहे।
जिसके समन्वयक संतोष मिथौरिया जी हैं।



## बड़ा करीला मोहल्ले के बच्चों ने बिटिया, बछिया, वन बचाव की झांकी बनाई

बड़ा करीला के बच्चों ने भारत माता, महारानी लक्ष्मी बाई, महात्मा गांधी, विवेकानंद, भगत सिंह का प्रतिरूप बनकर बिटिया, बछिया, वन बचाव की झांकी बनाई जिसमें योगमाया गुरू, राधिका रिछारिया, देव घोषी, मधुर दुबे, मिलन दुबे शामिल रहे। समन्वयक सरिता गुरू जी हैं।

# महोत्सव में विशेष योगदान एवं प्रस्तुतियाँ




**सञ्चालन: आदेश जैन, निधि जैन, आकांक्षा मलैया, सुनील तिवारी, सुनीता जैन, विवेक सिंघई, अनुराग जैन, अलोक जैन एवं नितिन पटेरिया**



**निर्णायक परिचय [नृत्य] :-**

1 श्रीमति हेमलता पाण्डेय

2 कु रजनी दुबे

3 श्री राहुल वर्मा

**निर्णायक परिचय [फैंसी ड्रेस ]:-**

1 श्रीमति हेमलता पाण्डेय

2 कु रजनी दुबे

3 श्री राहुल वर्मा

**निर्णायक परिचय [झांकी]:-**

1 श्री प्रदीप समैया जी

2 श्रीमति रश्मि ऋतू जी

3 श्रीमति मनीषा जैन




**सन फाउंडेशन से आये हुए दिव्यांग बच्चो की विशेष प्रस्तुति**



**आई पी एस स्कूल से आये हुए बच्चो की विशेष प्रस्तुति**

# अनावरण परियोजना के तहत इमानुएल स्कूल के बच्चे गए आर्मी म्यूजियम








विचार संस्था द्वारा विगत 1 वर्ष से हर सप्ताह इमानुएल हायर सेकेंडरी स्कूल के 11वीं कक्षा के बच्चों को अपनी आजीविका खोजने के लिए सक्षम बनाने की परियोजना चलाई जा रही है। अनावरण नाम की इस परियोजना के तहत बच्चों को 16 विषयों पर जानकारी दी जा चुकी है जिसमें से बच्चों ने आर्मी के इतिहास को जानने की इच्छा जाहिर करी। भारतीय सेना के सहयोग से बच्चों को महार रेजीमेंट के आर्मी म्यूजियम दिखाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को ऐ.एम. गुप्ता, वंदना जूडा, आकांक्षा मलैया एवं अभिलाषा जाटव द्वारा आयोजित किया गया। आकांक्षा मलैया का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों को ना केवल भारत की सेना के विषय में जानकारी मिलेगी अपितु आर्मी में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहन भी मिलेगा।

# नेकी का घर

## आपके पास जो अतिरिक्त है उसे छोड़ जायें

## जो उपयोग का है उसे ले जायें




**स्कूली बच्चे अपनी पिछले साल की किताबें रखकर अगले साल की किताबें ले जाएं**



: निवेदक :

# विचार संस्था

VICHAR SANSTHA

स्थान : पुराना स्टेट बैंक भवन, वर्णी कॉलोनी
कटरा वार्ड, सागर (म.प्र.)

हेल्पलाइन नं. : 6262060333, 07582-224488

# निशुल्क जांच व दवा वितरण






**डॉ शैफाली मलैया सप्ताह में 6 दिन (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) 11 से 1 बजे के बीच विचार कार्यालय में मरीजों की निशुल्क जांच करती हैं। इस माह में की गई जांच की सूची इस प्रकार है**

| क्र. | दिनांक | मरीजों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 01/01/2019 | 1 |
| 2 | 09/01/2019 | 4 |
| 3 | 11/01/2019 | 1 |
| 4 | 12/01/2019 | 1 |
| 5 | 15/01/2019 | 3 |
| 6 | 18/01/2019 | 2 |
| 7 | 20/01/2019 | 4 |
| 8 | 21/01/2019 | 1 |
| 9 | 23/01/2019 | 2 |

# विचार संस्था द्वारा निशुल्क शव वाहन संचालन







**दुख की घड़ी में हम आपके साथ हैं! दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप (सागर मेंन) द्वारा प्रदत्त, विचार संस्था निशुल्क शव**

| क्र. | दिनांक | प्रस्थान स्थल | आगमन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 02/01/2019 | बी एम सी | गढ़ाकोटा ,सागर |
| 2 | 02/01/2019 | बी एम सी | काकागंज , सागर |
| 3 | 03/01/2019 | बी एम सी | ग्राम हिलगन, सागर |
| 4 | 04/01/2019 | बी एम सी | मोमिनपुरा,सागर |
| 5 | 04/01/2019 | बी एम सी | देवरी ,सागर |
| 6 | 04/01/2019 | बी एम सी | मछरयाई ,सागर |
| 7 | 05/01/2019 | बी एम सी | ग्राम खारमऊ,सागर |
| 8 | 07/01/2019 | बी एम सी | ग्राम चकेरी ,सागर |
| 9 | 11/01/2019 | बी एम सी | विजय टॉकीज़ ,सागर |
| 10 | 13/01/2019 | बी एम सी | तिली ग्राम ,सागर |
| 11 | 14/01/2019 | बी एम सी | बंडा ,सागर |
| 12 | 16/01/2019 | बी एम सी | जरुआखेड़ा |
| 13 | 17/01/2019 | बी एम सी | शुक्रवारी ,सागर |
| 14 | 17/01/2019 | बी एम सी | पामाखेड़ी |
| 15 | 17/01/2019 | बी एम सी | गौरझामर |
| 16 | 18/01/2019 | बी एम सी | इतवारी ,सागर |
| 17 | 18/01/2019 | बी एम सी | बाघराज ,सागर |
| 18 | 20/01/2019 | बी एम सी | गढ़ाकोटा ,सागर |
| 19 | 21/01/2019 | नारायण हॉस्पिटल | दमोह |
| 20 | 23/01/2019 | बी एम सी | रहली, |
| 21 | 24/01/2019 | भाग्योदय हॉस्पिटल | परकोटा ,सागर |
| 22 | 25/01/2019 | बी एम सी | एफ एस एल,के सामने, सागर |
| 23 | 27/01/2019 | बी एम सी | ढाना, सागर |
| 24 | 29/01/2019 | तिली हॉस्पिटल | नरयावली ,सागर |
| 25 | 29/01/2019 | तिली हॉस्पिटल | पुरव्याऊ टोरी ,सागर |

# सागर सुधार, सागर विकास

# मोहल्ला विकास परियोजना

1 दिसंबर 2018 को सागर सुधार सागर विकास अभियान के तहत मोहल्ला विकास परियोजना की शुरुआत हुई ।

मानव विकास अर्थवयवस्था के विकास पर निर्भर करने की बजाए इस बात पर निर्भर करता है की हम जीवन जीने के तरीको को बेहतर बनाये एवं लोगो की सोच और समझ को विकसित करे जिससे स्वयं ही वह अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो जायें और वे इतने सक्षम हों की अपनी आवाज सही ढंग से सही जगह तक पहुंचा सकें। इसी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना में हम सागर शहर के अलग अलग वार्डो एवं मुहल्लों में ऐसे 100-100 घर चिन्हित करेंगे , जिनमे हम लोगो के जीवन में बदलाव लाने में मददगार हो सकतेहम निरंतर छोटे-छोटे कदम उठाकर लम्बे समये में बड़ा विकास का कार्य कर सकते है ।

उन 100 घरो में हमारे 11 स्वयं सेवको का दल विचार द्वारा चयनित किए विभिन प्रकल्पो पर लोगो की जागरूकता बढ़ाने एवं सही दिशा निर्देश देने का कार्य करेंगे।हफ्ते में 2 दिन ये 11 स्वयं सेवक उन परिवारों से मुलाकात करके उनसे वार्तालाप करेंगे, उनकी जीवन शैली को समझेंगे एवं उन्हें जानकारी देंगे। हर स्वयं सेवक 100 घरो के समुह में से अपने 10 घर चिन्हित कर उन घरो से लगातार हर हफ्ते (हफ्ते में 2 बार ) मुलाकात कर उसमे आत्मिक जुड़ाव बढ़ाएंगे एवं यह पुष्टि करेंगे की उनकी दी हुई जानकारी का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और वे उसका पालन अपने रोजमर्रा के जीवन में नियमित रूप से कर रहे है या नहीं ।

इस पूरी परियोजना के दौरान कोई भी स्वयं सेवक किसी प्रकार की बुराई या आलोचना नहीं करेगा | यह प्रमुख नियम है जिसका सभी को पालन करना हैं। समस्याओ को सुनना हैं, उन पर चर्चा नहीं करनी हैं ।

# महिलाओ के लिए निशुल्क हथकरघा प्रशिक्षण










# मोहल्ला विकास योजना के तहत निम्न नयी 11 सदस्यीय टीमों का गठन हुआ



वार्ड:- गोपालगंज
समन्वयक:- विनीता जैन



वार्ड :- सुभाष नगर,शास्त्री वार्ड
समन्वयक :- श्रीमति विनीता जोशी



वार्ड:- कृष्णगंज
समन्वयक:- श्रीमति हेमलता साहू



वार्ड :- मधुकर शाह वार्ड , बाघराज वार्ड
समन्वयक :- श्रीमति हेमलता साहू एवं राधा शर्मा

| कं. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | दयानन्द वार्ड | संजय जैन (सवाई ) |
| 2 | कटरा | संजय जैन (सवाई ) |
| 3 | तिलकगंज | रौशनी जैन |
| 4 | यादव कॉलोनी | उर्मिला मिश्रा |
| 5 | यादव कॉलोनी-2 | पुष्पा तिवारी |
| 6 | मधुकर शाह वार्ड-2 | आशालता शर्मा |
| 7 | तिली ( रूद्र राक्ष गार्डन के पास ) | स्नेहा मिश्रा |

# मोहल्ला विकास परियोजना के अंतर्गत कार्यरत टीमों व उनके समन्वयक के नामों की सूची इस प्रकार है:

| कं. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | सदर | संतोष मिथोरिया |
| 2 | बसिया भान्सा | राहुल प्रजापति |
| 3 | काकागंज | अनुराग विश्वकर्मा |
| 4 | राजीव आवास योजना बाघराज | नितिन जैन |
| 5 | स्टेशन के सामने | धवल कुशवाहा |
| 6 | विट्ठल नगर | देवेन्द्र वर्मा |
| 7 | राजीवनगर लहदरा नाका भगतसिंह वार्ड | तुलसीराम प्रजापति |
| 8 | बड़ा करीला | सरीता गुरु |
| 9 | पगारा रोड़ भाग्योदय नगर | शशि यादव |
| 10 | गुरु गोविंद सिंह वार्ड | देवेन्द्र वर्मा |
| 11 | इतवारी टौरी पायगा | क्रांति दीदी |
| 12 | सूबेदार वार्ड भरका रोड | राजकुमारी पवार |
| 13 | मछरयाई | रामकुमार राय |
| 14 | अप्सरा टाकीज के बाजू में तुलसीनगर वार्ड | लक्ष्मी गुप्ता |
| 15 | ग्राम सैलेरा | अरविंद यादव |
| 16 | संजय नगर शिवाजी वार्ड | आलोक जैन |
| 17 | कृष्णगंज | कमलेश प्रजापति |
| 18 | कसाई मंडी राहतगढ़ बस स्टैण्ड | अजय विश्वकर्मा |
| 19 | ग्राम पगारा | सोनू यादव |
| 20 | भगवानगंज | प्रमोद नगेले |
| 21 | सिंधी कैंप | सन्तू पोटवानी |
| 22 | महेन्द्र मिल के पीछे | नीलू सागर |
| 23 | संत रविदास वार्ड | मनीष साहू |
| 24 | पुरव्याऊ टौरी | अनुराग विश्वकर्मा |
| 25 | होटल सागर सरोज के बाजू में | बंटी श्रीवास |
| 26 | आंबेडकर वार्ड | महेंद्र विश्वकर्मा |

# मोहल्ला विकास योजना के तहत मुहल्लों में किया गया गतिविधियों का आयोजन



कसाई मंडी समन्वयक अजय विश्वकर्मा की टीम को नए साल के कैलेंडर वितरित किये गए



पगारा रोड भाग्योदय नगर समन्वयक शशि यादव बच्चो को खेल गतिविधि कराते  हुए



स्टेशन के सामने समन्वयक धवल कुशवाहा  की टीम को नए साल के कैलेंडर वितरित किये गए



राजीव नगर लेहदरा नका समन्वयक तुलसी राम (दाऊ) रक्तदान का महत्त्व समझाते हुए

# मोहल्ला विकास योजना :- खेल गतिविधि



ग्राम पगारा समन्वयक सोनू यादव
खेल गतिविधि कराते हुए



राजीव आवास योजना समन्वयक
नितिन / वर्षा जैन खेल गतिविधि
कराते हुए



सदर समन्वयक संतोष मिथोरिया
खेल गतिविधि कराते हुए



काकागंज टीम समन्वयक अनुराग
विश्वकर्मा, योग ध्यान कराते हुए

विचार संस्था द्वारा संचालित 'मोहल्ला विकास परियोजना' के तहत 16 से 30 वर्ष के युवा भाई बहिनों को खेल गतिविधि, योग ध्यान , रक्त दान का महत्व तथा बेरोजगार युवा साथियों को हथकरघा के माध्यम से रोजगार जैसे महत्व पूर्ण अवसर प्रदान कराने हेतु मोहल्ले में गतिविधियों का आयोजन किया गया ।



**संतोष मिथोरिया जी ने, जोकि सदर में मोहल्ला विकास परियोजना के समनवयक हैं, विचार की मीटिंग के दौरान एक मरीज को आवश्यकता पड़ने पर तुरंत रक्त दान किया!**

# रक्तदान नि:शुल्क महादान

## रक्तदान कीजिए
## मानवता के हित में काम कीजिए

### कौन कर सकता है रक्तदान -

रक्तदान कोई भी कर सकता है। यह बहुत ही सुरक्षित प्रक्रिया है जो कि आसान भी है। रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कमी भी नहीं होती है बल्कि रक्त के बनने की क्षमता बढ़ जाती है। 16 साल से बड़ा और 50 किग्रा. से अधिक वजन का व्यक्ति हर 3 से 4 माह में रक्तदान कर सकता है। 21 दिनों में दान किए रक्त की पूर्ति हो जाती है इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती।

### रक्तदान करने के फायदे -

- हार्ट अटैक की आशंका कम हो जाती है।
- नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं।
- कैलोरी जलती है, यह वजन को नियंत्रित करने में मददगार है।
- कैंसर के खतरे को कम करता है।
- लीवर की समस्याओं को कम करता है।

**1 यूनिट ब्लड 3 लोगों की जान बचा सकता है**

यदि आप रक्तदाता बनना चाहते हैं तो आप अपना नाम व मोबाइल नं. विचार संस्था के ब्लड बैंक में पंजीकृत करवा सकते हैं। जरूरत पड़ने पर हम आपको कॉल करेंगे।

: निवेदक :

# विचार संस्था

स्थान : पुराना स्टेट बैंक भवन, वर्णी कॉलोनी
कटरा वार्ड, सागर (म.प्र.)

|| VICHAR SANSTHA ||

हेल्पलाइन नं. : 6262060333, 07582-224488

# विचार गणतंत्र महोत्सव में विशेष  योगदान




मोहल्ला विकास योजना के तहत विचार गणतंत्र महोत्सव में ग्राम पगारा के समन्वयक सोनू यादव व् इनकी टीम द्वारा 150 से भी अधिक लोगो के साथ जुलूसनुमा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

मोहल्ला विकास योजना के तहत विचार गणतंत्र महोत्सव में बड़ा करीला के समन्वयक सरिता गुरु  व् इनकी टीम द्वारा 50 से भी अधिक लोगो के साथ जुलूसनुमा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।







मोहल्ला विकास योजना के तहत विचार गणतंत्र महोत्सव में विट्ठल नगर के समन्वयक देवेंद्र वर्मा व् इनकी टीम द्वारा 70 से भी अधिक लोगो के साथ जुलूसनुमा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण

# युवा मोर्चा अध्यक्ष :-



दैनिक भास्कर

गणतंत्र दिवस विशेष | 05

## सेवा के लिए समर्पित

उम्मीद के चेहरे

युवाओं का एक ऐसा तबका भी है, जो तगड़ी तनख्वाह वाली मल्टीनेशनल कंपनियों की नौकरियां और ठाठ-बाट वाली सिविल सर्विस के मोह को छोड़कर समाज सेवा करने में कोई परहेज नहीं करते। ये युवा देश के भविष्य हैं और ऐसी शक्ति हैं, जो एक बुद्धिवादी और सुदृढ़ समाज की रचना कर सकते हैं। ऐसे ही युवा हैं आकांक्षा मलैया जो सेवा के लिए हमेशा तैयार रहती हैं।

## एक ऐसी 'आकांक्षा' जो 'विचार' संस्था के साथ शहरी विकास के सफर पर निकल पड़ीं हैं...

आकांक्षा मलैया

आकांक्षा ने बताया कि युवाओं को कैरियर गाइडेंस देने के लिए भी संस्था द्वारा काम किए जा रहे हैं। ताकि वे हर क्षेत्र में अपने आप को साबित कर सकें। हाल में ही एम्मानुअल हायर सेकेंडरी स्कूल में अनावरण प्रोजेक्ट के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गया। जिसमें विचार संस्था की यूथ विंग द्वारा छात्रों को अलग अलग विषय की जानकारी दी गई। बच्चों को पर्यटन, कला, ऑडियो-वीडियो, संचार, बिक्री, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि, खाद्य एवं प्राकृतिक संसाधन, स्वास्थ्य विज्ञान, कानून, मानव सेवा सुरक्षा, लोक प्रशासन आदि के बारे में बताया गया। जिन्होंने कुछ ही समय में विचार संस्था के माध्यम से अपने कार्यों द्वारा समाज में एक अलग पहचान बना ली है। फिर भले पर्यावरण की बात हो या स्वच्छता अभियान। सामाजिक सरोकार हो या निरक्षर लोगों को शिक्षा से जोड़ना। ऐसे लोगों के लिए वे किसी उम्मीद से कम नहीं है। लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा मदद मिल सकें। इसके लिए आकांक्षा हमेशा तैयार रहती है। उनका उद्देश्य युवा शक्ति को समाज सेवा तथा सामाजिक हितकारी कार्यों से सीधे जोड़ना एवं समाज, युवाओं और छात्रहित के लिए काम करते रहना है।

आकांक्षा की महत्वकांक्षा है कि वे ऐसे समाज का निर्माण करे। जिसमें सभी समान हो। हाल में ही उन्होंने सागर सुधार सागर विकास को लेकर मोहल्ला विकास परियोजना कार्यक्रम की शुरूआत की है। आकांक्षा बताती हैं कि मानव विकास अर्थव्यवस्था के विकास पर निर्भर करने की वजह इस बात पर निर्भर करता है कि उनके जीवन को कैसे बेहतर बनाया जाए। लोगों की सोच और समझ को कैसे विकसित किया जाए। ताकि वे अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो सके और इतने सक्षम हो जाएं कि अपनी आवाज सही ढंग से सही जगह तक पहुंचा सके। इसी विचारधारा को ध्यान में रखते हुए मोहल्ला विकास परियोजना की शुरुआत की गई है। परियोजना में शहर के अलग-अलग वार्डों और मोहल्लों में 100-100 घर चिन्हित किए गए है। जिनमें हम लोगों के जीवन में बदलाव लाने में मददगार हो सके। आकांक्षा ने बताया कि परियोजना के तहत चिन्हित किए गए उन शहरों के 11 स्वयंसेवकों का दल परिवार से मुलाकात करने के लिए पहुंचेगा। उनकी जीवनशैली को समझेंगे और उन्हें जानकारी देंगे। मुलाकात कर उनसे आत्मिक जुड़ाव बढ़ाएंगे और यह पुष्टि करेंगे कि उनको दी गई जानकारी का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इस कार्यक्रम से हम बच्चों के लिए भी खेल-खेल में शिक्षा को बढ़ाएं। इसके साथ ही महिलाएं के स्वस्थ्य और शिक्षा के साथ ही क्षेत्र में स्वच्छता आदि की भी जानकारी देंगे।

### महिलाओं के लिए शिक्षा है जरूरी: आकांक्षा

आकांक्षा बताती हैं कि महिलाएं शिक्षित हो सके। इसके लिए विचार संस्था द्वारा लगातार महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर मोबाइल प्रशिक्षण देने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का हिस्सा बनकर कई महिलाएं जहां सशक्त बन रही है। वहीं शिक्षा को लेकर भी उनका स्थान अब बढ़ता जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय भागीदारी

आकांक्षा श्रेष्ठ शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ समाजसेवा में उतरना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने अब तक नासा के कैनेडी स्पेस कैंप, डेनमार्क के स्टूडेंट एक्सचेंज जैसे 12 विशेष अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भाग लिया है। हाल ही में उनका चयन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के समर प्रोग्राम में भी हुआ है। उनके जीवन का सबसे गर्व का पल तब रहा जब उन्होंने विभिन्न देशों के छात्रों के समक्ष भारत का राष्ट्रगान गाया। महिला संबंधी अपराधों के लिए उन्होंने 61 स्कूलों में जागरूकता अभियान का संचालन किया है।

विचार संस्था द्वारा कई सामाजिक कार्यों के माध्यम से जोड़ने के प्रयास जारी है।

इम्पैक्ट फीचर



## आइये हम दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाना अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं!

**-कपिल मलैया, संथापक**

## हमारे सागर सुधार सागर विकास अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें:
## नितिन पटेरिया: +91 9009780042

**विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें:**

**आकांक्षा मलैया: 9165422888**

**प्रीति लोधी: +91 7067431370**

**फेसबुक पेज: @VicharSanstha**